दिनांक 19.08.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

ई-गवर्नेस परियोजना के लिए अधिकारी, कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के महत्वपूर्ण विभागों के कार्यो को ई-गवर्नेस परियोजना के अंतर्गत जोड़ा जाना है। जिसके तहत् urbanecg.gov.in नाम से वेबसाईट बनाया गया है। जिसमें नगर निगम भिलाई के लेखा शाखा, संपत्तिकर विभाग, राजस्व विभाग, स्टोर शाखा, कम्प्यूटर शाखा, विधि विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों के कार्यो और डाटा को आॅनलाईन पद्धति से जोड़ा जाना है। जिसका प्रशिक्षण सूडा के द्वारा अधिकृत वेंडर के प्रतिनिधियों के द्वारा भिलाई निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को दिया गया।

प्रशिक्षण आज भिलाई निगम के मुख्य कार्यालय के सभागार में दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत सभी विभागों के माड्यूल्स तथा आनलाईन एन्ट्री के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी गई, ताकि जल्द से जल्द ई-गवर्नेस के योजनाओं का क्रियान्वयन भिलाई नगर निगम में प्रारम्भ किया जा सके। इस योजना और वेब ऐप्लीकेशन के माध्यम से भिलाई निगम के समस्त विभाग के डाटा एक जगह आनलाईन हो पाएगा। ई-गवर्नेस के माध्यम से नागरिकों के द्वारा अपने महत्वपूर्ण कार्य को इस वेबसाईट में जाकर आनलाईन आवेदन किया जा सकेगा और निगम की विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का लाभ आनलाईन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी